जो रात दिन सेवा करे

जो रात दिन सेवा करे श्री राम की
जिसे लाल अपना मानती माँ जानकी
आओ करे हम याद अंजनी लाल को
मारुती नन्द नमो नमो
असुर निकंद नमो नमो

जो पल में लंका जला आये और सीता जी की सूधी लाये,
जिसने वसया दिल में सीता राम को
आओ करे हम याद उस हनुमान को
मारुती नन्द नमो नमो
असुर निकंद नमो नमो

जब संकट में लक्ष्मण आये तो तोड़ संजीवनी ले आये,
जिस ने बचाया लखन लाल के प्राण को
आओ करे हम याद उस बलवान को
मारुती नन्द नमो नमो
असुर निकंद नमो नमो

जो साधू संत के रखवाले और राम सिया के है प्यारे
जिस राम जी भाई भरत सा मानते
आओ करे हम याद उस भगवान को
मारुती नन्द नमो नमो
असुर निकंद नमो नमो

जो रामयाण के रसिया है और राम सिया मन वसियाँ है,
बोलो ललित के साथ जय हनुमान की
जिसे लाल अपना मानती माँ जानकी
आओ करे हम याद अंजनी लाल को
मारुती नन्द नमो नमो
असुर निकंद नमो नमो

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19582/title/jo-raat-din-sewa-kare-shri-ram-ki

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |